तापमान

अधिकतम 30.4 डिग्री
न्यूनतम 14.1 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, गुरुवार 9 अप्रैल 2026



12 हाईकोर्ट ने जारी नोटिफिकेशन रद्द की ...





12 निबंध एवं लेख लेखन प्रतियोगिता में खुशी ने मारी ..




## खबर संक्षेप

### आईटीआई नाचरौन में 10 को रोजगार मेला

**यमुनानगर।** जिला रोजगार विभाग व राजकीय आईटीआई नाचरौन के संयुक्त तत्वावधान में आईटीआई परिसर में 10 अप्रैल को रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस रोजगार मेले में प्रसिद्ध कंपनियों के प्रतिनिधि पहुंचकर युवाओं का साक्षात्कार लेंगे। मेले में मुख्यातिथि के रुप में हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा भाग लेंगे। उक्त जानकारी जिला रोजगार अधिकारी डॉ. अरुण कुमार ने दी। लगभग 15 निजी कंपनियों के प्रतिनिधि भाग लेंगे।

### शादी का झांसा देकर किशोरी को किया अगवा

**यमुनानगर।** व्यासपुर थाना क्षेत्र से एक युवक शादी का झांसा देकर किशोरी को अगवा करके ले गया। पुलिस ने किशोरी की मां की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। व्यासपुर थाना क्षेत्र निवासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि छह अप्रैल को उसकी 15 वर्षीय लड़की रात का खाना खाकर सो गई थी। सुबह जब उनकी आंख खुली तो उनकी लड़की घर से गायब मिली। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कुछ भी पता नहीं चला। जांच के दौरान उन्हें मालूम हुआ कि उसकी लड़की को समीर नामक युवक शादी का झांसा देकर बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया है। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी।

### 80 ग्राम हेरोइन के साथ युवक को गिरफ्तार

**यमुनानगर।** सीआईए टू पुलिस टीम ने गांव मंडोली बस अड्डा हाईवे से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 80 ग्राम हेरोइन बरामद की है। आरोपी उत्तर प्रदेश से हेरोइन को लेकर यमुनानगर आ रहा था। आरोपी से बरामद हेरोइन की कीमत करीब ढाई लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### इटली भेजने के नाम पर हड़पे 7.5 लाख रुपये

**यमुनानगर।** इटली भेजने के नाम पर शांति नगर मनी माजरा चंडीगढ़ निवासी सतीश कुमार से साढ़े सात लाख रुपये हड़प लिए गए। आरोप यमुनानगर स्थित एआईआईएमएस स्टडी एब्रॉड के संचालक सुनील कुमार पर लगा है। पुलिस ने आरोपी सुनील कुमार के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। शांति नगर मनी माजरा चंडीगढ़ निवासी सतीश कुमार ने शहर यमुनानगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह रोजगार के लिए विदेश जाना चाहता था। इस दौरान उसे पता चला कि सुनील कुमार है और आरोपी लोगों को विदेश भेजने का काम करता है। उसे पैसे दे दिए उसने विदेश नहीं भेजा।

# दिल्ली-चंडीगढ़ हाइवे पर टायर फटने से बड़ा हादसा, 6 गाड़ियां टकराईं, घंटों लगा रहा जाम

- नई अनाज मंडी के पास चेन रिएक्शन से वाहन क्षतिग्रस्त
- तेज रफ्तार और कम दूरी बनी हादसे की मुख्य वजह
- एयरबैग खुलने से नुकसान टला, कई को मामूली चोटें



हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

दिल्ली-चंडीगढ़ नेशनल हाईवे पर बुधवार को एक बड़ा सड़क हादसा पेश आया। नई अनाज मंडी के पास अचानक एक चलती कार का टायर फटने से 'चेन रिएक्शन' हुआ, जिसमें एक के बाद एक करीब 6 गाड़ियां आपस में टकरा गईं। इस दुर्घटना के बाद हाइवे पर चीख-पुकार मच गई और वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, एक सफेद रंग की कार दिल्ली से चंडीगढ़ की ओर जा रही थी, तभी अचानक उसका टायर फट गया और वह सड़क के बीचों-बीच रुक गई। पीछे से आ रही गाड़ियों की रफ्तार अधिक थी और उनके बीच की दूरी कम थी, जिसके कारण ड्राइवर ब्रेक नहीं लगा सके। इसमें नोएडा से चंडीगढ़ जा रही क्रेटा, लखनऊ से लुधियाना जा रही बलेनो और एक टियागो कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

### 10 वर्षीय बच्चे को मामूली चोटें आई

बलेनो चालक तुषार और टियागो चालक शिवम ने बताया कि उनके साथ परिवार भी सफर कर रहा था। गनीमत रही कि एयरबैग खुलने और सुरक्षा मानकों की वजह से किसी को गंभीर चोट नहीं आई। हालांकि, डायल-112 की टीम के अनुसार, एक 10 वर्षीय बच्चे को मामूली चोटें आई हैं, जिसे प्राथमिक उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा गया है।

### पुलिस ने खुलवाया जाम

हादसे के तुरंत बाद हाईवे पर कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया। पुलिस ने मौके पर पहुँचकर क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त वाहनों को किनारे करवाया। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद यातायात को सुचारू किया जा सका। पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि हाईवे पर चलते समय वाहनों के बीच सुरक्षित दूरी बनाए रखें और टायरों की स्थिति की नियमित जांच करें।

गांव छोली के पास भीषण हादसा

# कार की टक्कर लगने से व्यक्ति की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर




व्यासपुर थाना क्षेत्र के गांव छोली के पास क्रेटा कार की टक्कर लगने से व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात क्रेटा चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। खेड़ा मोहल्ला छछरौली निवासी अंकित अत्री ने व्यासपुर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसका चाचा 55 वर्षीय सुरेंद्र सात अप्रैल को शाम छह बजे किसी काम से जा रहा था। जब वह गांव छोली के पास पहुंचा तो गलत दिशा से तेज गति से आ रही क्रेटा चालक ने उसके चाचा सुरेंद्र को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से सुरेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने उसे अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। हादसे की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात क्रेटा चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

बदमाशों ने मचाई दहशत, एफएसएल टीम ने खोखे बरामद किए

# असंध में एक माह पहले खुले रेस्टोरेंट पर अंधाधुंध फायरिंग

» रेस्टोरेंट बंद होने के कारण किसी जान-माल का नुकसान नहीं हुआ

» रंजिश या रंगदारी एंगल पर जांच, सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

जिले में बदमाशों के हौसले बुलंद हैं। ताजा मामला असंध-कैथल रोड का है, जहां एक अज्ञात हमलावर ने एक रेस्टोरेंट को निशाना बनाते हुए ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। गनीमत यह रही कि हमला रेस्टोरेंट बंद होने के बाद किया गया, जिससे किसी जान-माल का नुकसान नहीं हुआ, लेकिन इलाके में दहशत का माहौल है।

जानकारी के अनुसार, असंध निवासी कुलदीप सिंह ने करीब एक महीने पहले ही कैथल रोड पर अपना नया रेस्टोरेंट शुरू किया था। वह रोज की तरह बीती रात अपना काम समेटकर रेस्टोरेंट बंद कर घर चले गए थे। उनके जाने के कुछ समय बाद, एक अज्ञात व्यक्ति वहां पहुंचा और रेस्टोरेंट के शटर पर फायरिंग कर मौके से फरार हो गया।



**रोहतक।** असंध में खुले रेस्टोरेंट पर फायरिंग के निशान।

### मधुबन से एफएसएल की टीम ने साक्ष्य जुटाए

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। सुबह असंध डीएसपी गौरवपाल राणा और थाना प्रभारी नसीब सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। साक्ष्य जुटाने के लिए मधुबन से एफएसएल की टीम को बुलाया गया। टीम ने मौके से दो राउंड गोलियों के खोल बरामद किए हैं। शटर पर गोलियों के निशान स्पष्ट देखे जा सकते हैं।

### सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस

असंध थाना प्रभारी ने बताया कि रेस्टोरेंट मालिक कुलदीप ने फिलहाल किसी भी प्रकार की पुरानी रंजिश या धमकी मिलने से इनकार किया है। पुलिस अब सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि हमलावर के आने-जाने के रास्ते और उसकी पहचान की जा सके। पुलिस मामले की जांच फिरौती और रंजिश, दोनों कोणों से कर रही है।

# व्यासपुर अनाज मंडी में बुग्गी में गेहूं बेचने पहुंचा किसान

गेट पास न मिलने पर भारतीय किसान यूनियन ने मंडी गेट पर प्रदर्शन किया

- एक घंटे बाद अधिकारियों ने पोर्टल पर विकल्प बदलकर प्रगट का गेट पास जारी किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले की व्यासपुरअनाज मंडी में बुधवार को उस समय स्थिति तनावपूर्ण हो गई जब दरियापुर गांव के किसान प्रगट सिंह अपनी गेहूं की फसल बेचने के लिए झोटा बुग्गी पर अनाज लेकर मंडी पहुंचे।, लेकिन मंडी गेट नंबर एक पर मौजूद कर्मचारियों ने उनका गेट पास काटने से इनकार कर दिया। कर्मचारियों का कहना था कि पोर्टल पर केवल ट्रैक्टर के नंबर के आधार पर ही गेट पास जारी किया जा रहा है, जिस कारण झोटा बुग्गी से आए किसान का प्रवेश नहीं किया जा सकता। कुछ ही देर में भारतीय किसान यूनियन चढ़ूंनी ग्रुप के नेता सतेंद्र सिंह फेरुवाला अपने साथियों के साथ अनाज मंडी व्यासपुर पहुंचे। उन्होंने किसानों की समस्या सुनने के बाद मंडी गेट पर पहुंचकर कर्मचारियों से बात की पदाधिकारियों और किसानों ने मंडी गेट पर नारेबाजी शुरू कर दी और मार्किट कमेटी के सचिव को मौके पर बुलाकर पास जारी करवाया गया।



**यमुनानगर।** व्यासपुर अनाज मंडी में बुग्गी झोटा में गेहूं बेचने जा रहा किसान।

## दुबई से लौटे युवक की कंबाइन से टकराने से मौत

**मुलाना।** कंबाइन से टकराकर बाइक सवार युवक की मौत हो गई। युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए एमएम अस्पताल मुलाना में रखवाया गया है। गांव कालपी सरपंच रिंकू ने बताया कि कालपी के सचिन पुत्र मलखान सिंह दोसडका में अपने काम से छुट्टी के बाद गांव वापिस जा रहा था। मुलाना सीएचसी के सामने सामने से आ रही कंबाइन से उसकी बाइक टकरा गई जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सचिन कुछ महीने पहले ही दुबई से गांव लौटा था। चार महीने पहले उसकी शादी हुई थी। तीन भाई में सचिन दूसरे नंबर पर था जबकि उसका छोटा भाई अभी भी विदेश में है। विदेश से आने के बाद वह दोसडका में जेसीबी ड्राइवर के तौर पर कार्य कर रहा था। रात्रि को वह छुट्टी के बाद घर जा रहा था। अनाज मंडी कट से वह सर्विस लेन से मुलाना की तरफ जा रहा था कि वह हादसे का शिकार हो गया। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है।

# पुलिस स्टीकर लगी बोलेरो ने कुचला, दोनों की मौत

**करनाल।** पश्चिमी यमुना नहर के पास बुधवार दोपहर एक भीषण सड़क हादसे में दो लोगों की जान चली गई। एक तेज रफ्तार बोलेरो गाड़ी, जिस पर पुलिस का स्टीकर लगा हुआ था, ने पैदल चल रहे दो व्यक्तियों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मृतकों की पहचान जगत सिंह (45) और भीम सिंह (62) के रूप में हुई है, जो करनाल के पाल नगर के रहने वाले थे। जगत सिंह कूड़ा बीनने का काम करते थे और अपने परिवार के इकलौते कमाऊ सदस्य थे। उनके परिवार में पत्नी मीना और तीन बच्चे हैं। भीम सिंह जगत सिंह के चाचा थे और उनकी अपनी कबाड़ की दुकान थी। घटना के समय दोनों पैदल अपनी दुकान की ओर जा रहे थे, तभी पीछे से आई बोलेरो ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। मृतक जगत सिंह की पत्नी मीना ने बताया कि हादसे के बाद आरोपी ड्राइवर ही दोनों को अस्पताल लेकर आया था, लेकिन बाद में वह गाड़ी सहित वहां से फरार हो गया।

### लाडवा में गोली चलाने का मुख्य आरोपी सहित दो धरे

**लाडवा।** लाडवा पुलिस ने गोली चलाने और मारपीट के मामले में मुख्य आरोपी आदित्य राणा उर्फ आदि (साहापुर, यूपी हॉल निवासी, लाडवा) और वीरभद्र उर्फ हर्ष (कस्बा लाडवा निवासी) को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक चन्द्र मोहन के मार्गदर्शन में अपराध अन्वेषण शाखा-1 की टीम ने यह कार्रवाई की।पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि शिकायतकर्ता, शिव मोहल्ला लाडवा की एक युवती, ने बताया कि 18 मार्च को आदित्य राणा उनके घर आया और उनके भाई के साथ मारपीट की। रात करीब 2 बजे आरोपी और उनके साथी कार में आए, फायरिंग की और जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। शिकायत के आधार पर थाना लाडवा में मामला दर्ज किया गया और जांच अपराध अन्वेषण शाखा को सौंपी गई।पुलिस ने पहले 24 मार्च को दो नाबालिग आरोपियों को अभिरक्षा में लिया था।

### नकली मालिक बनकर प्लाट बेचने का आरोपी धरा

**कुरुक्षेत्र।** जिला पुलिस नकली मालिक बनकर तथा फर्जी कागजात तैयार करके धोखे से प्लाट बेचने की कोशिश करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक चन्द्र मोहन के कुशल मार्ग-दर्शन में आर्थिक अपराध शाखा की टीम ने नकली मालिक बनकर तथा फर्जी कागजात तैयार करके धोखे से प्लाट बेचने की कोशिश करने नाम पर ठगी करने के आरोपी अमित बंसल वासी अम्बाला कैंट को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस को दी अपनी शिकायत में गौतम गुप्ता वासी सैक्टर-13 कुरुक्षेत्र ने बताया कि वह पिछले कई सालों से अमेरिका में रह रहा है। शिकायतकर्ता ने बताया कि अज्ञात व्यक्तियों ने उसके नाम का बैंक में खाता खुलवाकर तथा उसके नाम के नकली कागजात तैयार प्लाट बेचा था।

# नशा तस्करी में 7 आरोपी काबू 23.89 ग्राम हेरोइन बरामद

**अंबाला।** पुलिस लगातार नशा तस्करों प्रहार कर रही है। इसी कड़ी में एएनसी टीम और थाना साहा पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए दो अलग-अलग मामलों में 7 आरोपियों को काबू कर उनके कब्जे से कुल 23.89 ग्राम हेरोइन बरामद की है। एएनसी टीम ने सूचना के आधार पर अंबाला शहर की अनाज मंडी में दबिश देकर नशा कर रहे 6 आरोपियों को रंगे हाथों काबू किया। मुख्य आरोपी शोकित कक्कड़ उर्फ सोनू के कब्जे से 15 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। गिरफ्तार किए गए अन्य आरोपियों की पहचान जोगा सिंह (बलाना), राकेश कुमार (धुरकड़ा), कार्तिक (लाजपत नगर), मुकेश कुमार (सेक्टर-8) और हुसन (न्यू अनाज मंडी) के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी जोगा सिंह व हुसन को पुलिस रिमांड पर लिया है जबकि अन्य को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।



शोध, अकादमिक नेतृत्व और अध्ययन में उत्कृष्ट कार्य का मिला सम्मान

# कुवि ने चार प्रख्यात इतिहासकारों को 'इतिहास रत्न अवॉर्ड' से किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानेसर

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा की सार्थक पहल पर तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में चार इतिहासकारों को विश्वविद्यालय द्वारा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय इतिहास रत्न अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह अवार्ड इतिहास और संस्कृति के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने के लिए दिया गया। सम्मेलन के दौरान प्रख्यात इतिहासकार पद्मश्री प्रो. (डॉ.) रघुवेंद्र तंवर, जो वर्तमान में भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद (आईसीएचआर), नई दिल्ली के अध्यक्ष हैं, को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की ओर से प्रतिष्ठित इतिहास रत्न अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें इतिहास के क्षेत्र में उनके दीर्घकालीन शोध, अकादमिक नेतृत्व और भारतीय इतिहास की प्रामाणिक व्याख्या के लिए किए गए उल्लेखनीय प्रयासों के लिए प्रदान किया गया। इसके साथ ही सम्मेलन में प्रो. ईश्वर शरण विश्वकर्मा, राष्ट्रीय अध्यक्ष, अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना, नई दिल्ली, प्रो. कुलदीप चंद अग्निहोत्री, उपाध्यक्ष, हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी, पंचकूला, तथा प्रसिद्ध इतिहास प्रो. देवेन्द्र हांडा जिन्होंने आर्कियोलॉजी के क्षेत्र में महत्वपूर्ण शोध किए हैं। उन्होंने भारत के सिक्कों के डॉक्यूमेंटेशन के माध्यम से भारत के इतिहास को पुनर्जीवित किया है। इनको भी भारतीय संस्कृति के अध्ययन-अनुसंधान में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए इतिहास रत्न अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

### अमृतांश जर्मनी में वैश्विक वैज्ञानिक सम्मेलन में करेंगे नाम रोशन

**कुरुक्षेत्र।** बड़े गर्व की बात है कि युवा शोधकर्ता अमृतांश मेहरोत्रा को इंटरनेशनल सोसाइटी फॉरइवोल्यूशन, मेडिसिन एंड पब्लिक हेल्थ द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक सम्मेलन, आईएसईएमपीएच वार्षिकसम्मेलन 2026 में अपने चल रहे शोध को प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया गया है। यह सम्मेलन 28 से 31 जुलाई, 2026 तक जर्मनी के कील में आयोजित होगा, जिसमें विकासवादी जीव विज्ञान, चिकित्सा और जन स्वास्थ्य के अंतसंबंधों पर काम करने वाले विश्वभर के शोधकर्ता एक साथआएंगे। मेहरोत्रा, जो ओडिशा के पैसिफिक इंस्टीट्यूट ऑफकॉस्मोलॉजी एंड सेल्फोलॉजी (पीआईसीएस) से संबद्ध हैं, अपने गुरु नितेश विनोदभाई पांडे के साथ सम्मेलन में भाग लेंगे।



अमृतांश मेहरोत्रा शोधकर्ता।

पानीपत के एसडी पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय स्तरीय के कांफ्रेंस में बोले-प्रो. एमएम गोयल

# नीडोनॉमिक्स सामाजिक विज्ञानों की शिरोमणि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

एसडी पीजी कॉलेज में वाणिज्य, अर्थशास्त्र और प्रबंधन विभाग द्वारा एवं उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा सरकार द्वारा प्रायोजित 'सतत विकास के लिए वाणिज्य, अर्थशास्त्र और प्रबंधन का तालमेल' एक दिवसीय बहुविषयक राष्ट्रीय कांफ्रेंस का आयोजन हुआ। जिसका उद्घाटन प्रो. डॉ राकेश कुमार अधिष्ठाता अकादमिक मामले एवं चेयरपर्सन कंप्यूटर डिपार्टमेंट एवं एप्लीकेशन कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी ने किया। जबकि की-नॉट स्पीकर के रूप में प्रो डॉ. एमएम गोयल, पूर्व कुलपति, कुरुक्षेत्र विश्वविधालय के पूर्व प्रोफेसर एवं नीडोनॉमिक्स (आवश्यकताओं का अर्थशास्त्र) स्कूल ऑफ थॉट के प्रवर्तक ने अपने ज्ञान को प्राध्यापकों, रिसर्च स्कोलर्स और विद्यार्थियों के साथ बांटा और उनके ज्ञान में वृद्धि की। सत्र में डॉ शेफाली नागपाल, निदेशक यूजीसी मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग सेंटर, बीपीएसएमवी खानपुर कलां सोनीपत, प्रो. (डॉ.) सुभाष चंद वाणिज्य विभाग कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र और डॉ. प्रेरणा डाबर सलूजा निदेशक प्रशिक्षण, गीता इंस्टिट्यूट ऑफ़ लॉ एंड डीन वेलफेयर गीता यूनिवर्सिटी पानीपत ने अपने व्याख्यानों से सभी को लाभान्वित किया। इधर, मेहमानों का स्वागत कॉलेज प्रधान दिनेश गोयल, जनरल सेक्रेटरी महेंद्र अग्रवाल, प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा और वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ राकेश गर्ग ने पौधा-रोपित गमलें भेंट करके किया। इधर, राष्ट्रीय कांफ्रेंस में 168 डेलिगेटस ने पंजीकरण करवाया जिनमे पश्चिम बंगाल, चेन्नई, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, पंजाब, दिल्ली, राजस्थान जैसे दूरस्त राज्यों से आए।



एसडी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोडा अतिथियों को सम्मानित करते हुए।

### 168 डेलिगेटस ने पंजीकरण करवाया

राष्ट्रीय कांफ्रेंस में 168 डेलिगेटस ने पंजीकरण करवाया जिनमें पश्चिम बंगाल, चेन्नई, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, यूपी, जम्मू-कश्मीर, पंजाब, दिल्ली, राजस्थान जैसे दूरस्त राज्यों से आये शोधकर्ताओ एवं प्राध्यापकों ने भाग लिया।

### रिसर्च स्कॉलर्स ने शोध-पत्र प्रस्तुत किए

राष्ट्रीय सम्मेलन के अंतिम सत्र में शोधकर्ताओं और प्राध्यापकों ने भाग लिया, जहां रिसर्च स्कॉलर्स ने अपने शोध-पत्र प्रस्तुत किए। मंच संचालन डॉ. दीपिका अरोड़ा ने किया।मुख्य वक्ता प्रो. डॉ. एमएम गोयल ने कहा कि पारंपरिक विकास मॉडल असमानता और पर्यावरणीय संकट को बढ़ाते हैं। उन्होंने नीडोनॉमिक्स को एक नई दिशा बताते हुए आवश्यकता-आधारित, संतुलित और नैतिक विकास पर जोर दिया।

## खबर संक्षेप

### किशोरी को बहला फुसलाकर किया दुष्कर्म

**यमुनानगर।** छछरौली थाना क्षेत्र के एक गांव से युवक किशोरी को बहला फुसला कर अपने साथ ले गया। जहां आरोपी युवक ने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। बाद में आरोपी किशोरी को करनाल बस स्टैंड पर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ छह पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज पर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 13 वर्षीय लड़की 25 मार्च को खाना खाकर अपने कमरे में सो गई थी। सुबह जब वह जागे तो उन्हें अपनी लड़की कमरे से गायब मिली। काफी तलाश करने के बाद भी उसकी लड़की का कुछ भी पता नहीं चला। जांच के दौरान 27 मार्च को उसकी लड़की करनाल बस स्टैंड से बरामद हुई। जब उन्होंने अपनी लड़की से पूछा तो उसने बताया कि आरोपी मजनू उर्फ सारिक उसे बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया था। जहां आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया।

### कुड़क में नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान

**करनाल।** नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जिला पुलिस करनाल द्वारा नशे के विरुद्ध जागरूकता फैलाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सहायक उप निरीक्षक विजय कुमार के नेतृत्व में गठित नशा मुक्ति टीम द्वारा थाना तरावड़ी क्षेत्र के गांव कुर्क में डोर-टू-डोर जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पुलिस टीम ने घर-घर जाकर ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित किया और उन्हें नशे के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। पुलिस टीम ने युवाओं को जागरूक करते हुए कहा कि वे नशे से दूर रहकर शिक्षा, खेलकूद व अन्य गतिविधियों में भाग लें और अपने जीवन को सफल बनाएं।

### डीएवी कॉलेज में हुई इंडस्ट्री-अकादमिक हैकाथॉन

**करनाल।** कुमारी विद्यावती आनंद डीएवी कॉलेज फॉर वुमेन, करनाल के कंप्यूटर विज्ञान विभाग द्वारा सैमसंग इनोवेशन कैंपस के अंतर्गत फोकलाइटः फोकल स्किल डेवलपमेंट प्रा. लि., जीरकपुर के सहयोग से इंडस्ट्री–अकादमिक सहयोगात्मक हैकाथॉन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में गवर्नमेंट कॉलेज फॉर वुमेन, करनाल की छात्राओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्राचार्या मीनू शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में रचनात्मक सोच, नवाचार और तकनीकी कौशल को विकसित करते हैं।

### एनएसयूआई स्थापना दिवस पर लगाया रक्तदान शिविर

**करनाल।** एनएसयूआई के स्थापना दिवस के अवसर पर विर्क अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नवनीत रंधावा ने की। शिविर में युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और बड़ी संख्या में रक्तदान किया। इस अवसर पर युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष पंकज गाबा, अनहद प्रताप तथा कांग्रेस कमेटी शहरी करनाल के मीडिया इंचार्ज दीपक महाजन विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## बैठक में दोनो सांसदों ने क्षेत्र में विकास कार्यों में तेजी के दिए निर्देश

# ईमानदारी से कार्य करने पर जिले को विकसित बनाने में होंगे सफलः जिंदल

कुरुक्षेत्र के सांसद नवीन जिंदल व अंबाला के सांसद वरुण चौधरी ने संयुक्त रुप से की दिशा बैठक की अध्यक्षता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला सचिवालय के सभागार में डिस्ट्रिक्ट डेवलपमेंट कोर्डिनेशन एवं मॉनिटरिंग कमेटी (दिशा) की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता कुरुक्षेत्र के सांसद नवीन जिंदल व अंबाला लोकसभा क्षेत्र के सांसद वरूण चौधरी ने संयुक्त रुप से की। इस दौरान दोनों सांसदों ने यमुनानगर के विकास को गति देने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए।

सांसद नवीन जिंदल ने अधिकारियों को केन्द्र सरकार द्वारा प्रायोजित विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन करने व विकास कार्यों में तेजी लाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हम लोगों को साथ मिलकर कार्य करना होगा । तभी यमुनानगर के विकास को गति मिलेगी। जिंदल ने कहा कि सभी अपना कार्य ईमानदारी से करेंगे तो हम यमुनानगर जिले को विकसित बनाने में सफल होंगे। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला के सभी बच्चों का टीकाकरण करना सुनिश्चित करें।

इसके साथ ही उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को जनसमस्याओं का त्वरित समाधान करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

इस अवसर पर एसीयूटी सुमन यादव, जगाधरी के एसडीएम विश्वनाथ, व्यासपुर के एसडीएम जसपाल सिंह गिल, रादौर के एसडीएम नरेन्द्र कुमार, छछरौली के एसडीएम रोहित कुमार व डिप्टी सीईओ जिला परिषद जसविंदर सिंह समेत अन्य विभागीय अधिकारी मुख्य तौर पर मौजूद रहे।



यमुनानगर। दिशा की बैठक में दिशा निर्देश देते हुए सांसद नवीन जिंदल व सांसद वरुण चौधरी। फोटो : हरिभूमि

### जिले में न हो अवैध खनन

सांसद नवीन जिंदल व सांसद वरूण चौधरी ने जिले में खनन को लेकर भी चर्चा की। उन्होंने माइनिंग अधिकारी को निर्देश दिए कि जिला में अवैध माईनिंग नहीं होनी चाहिए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता को निर्देश दिए कि जिला के सभी गांवों की सड?ों को शीघ्र ठीक करवाया जाए। मौके पर उन्होंने प्रधानमंत्री ग्रामीण और शहरी आवास योजना की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह लाभ पात्रों को लंबित किस्तों का भुगतान समय पर करें। सांसद नवीन जिंदल व सांसद वरूण चौधरी ने बैठक में मनरेगा, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय योजना, दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना समेत अन्य योजनाओं की समीक्षा की और इनके क्रियान्वयन में और अधिक सुधार के निर्देश दिए।

### प्राकृतिक खेती को मिले बढ़ावा

सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि जिस प्रकार नई नई लाइलाज बीमारियां हो रही हैं। उसका बड़ा कारण कृषि उत्पादों में बढ़ता रसायनों एवं खादों का प्रयोग है। उन्होंने कहा कि हमें प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की जरूरत है। उन्होंने उप कृषि निदेशक को निर्देश दिए कि जो बड़े जमींदार हैं उनके माध्यम से प्राकृतिक खेती करवाने पर जोर दें। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूकता लाने के लिए शिविर लगाकर लोगों को जागरूक करें व उनको प्रशिक्षण देकर शुद्ध एवं स्वास्थ्य वर्धक कृषि उत्पादन के लिए प्रेरित किया जाए। सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि यमुनानगर में आने पर यहां की स्वच्छता देखकर लोगों को लगना चाहिए कि हम एक स्वच्छ शहर में आए हैं। उन्होंने कहा कि शहर की सफाई का उचित प्रबंध करवाएं।

## सरकार शहर के विकास को लेकर प्रतिबद्धः अरोड़ा



यमुनानगर। बाइपास सौंदर्यीकरण का शिलान्यास करते विधायक व मेयर।

- शहर के बाइपास मार्ग के सौंदर्यीकरण पर खर्च होंगे 2.64 करोड़ रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा की भाजपा सरकार और नगर निगम शहर के समग्र विकास को लेकर प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरुप नगर निगम क्षेत्र में 52 किलोमीटर मार्गो का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। उक्त शब्द सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने बुधवार को 2.64 करोड़ रुपये की लागत से शहर के बाइपास मार्ग के सौंदर्यीकरण करने के कार्य का शिलान्यास करते हुए कहे। मौके पर मेयर सुमन बहमनी, नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद भी मौजूद रहे।

विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार सभी क्षेत्रों में समान रुप से विकास कार्य करवा रही है। इसी क्रम में यमुनानगर के विश्वकर्मा चौक से महाराणा प्रताप चौक तक बाइपास मार्गके सौंदर्यीकरण के लिए शिलान्यास किया गया। इस मार्ग के सौंदर्यीकरण पर 2 करोड़ 40 लाख 64 हजार रुपये की लागत आएगी। इस मार्ग समेत नगर निगम क्षेत्र में 52 किलोमीटर के मार्गो का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। जिससे शहर की आधारभूत सुविधाएं मजबूत होंगी। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए फुटपाथ, फेंसिंग और बेहतर ट्रैफिक प्रबंधन जैसी सुविधाएं इस परियोजना की खासियत होंगी। इससे न केवल हादसों में कमी आएगी। बल्कि शहरवासियों को भी आधुनिक सुविधाओं का लाभ मिलेगा। मौके पर मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि नगर निगम का लक्ष्य केवल सड़क बनाना नहीं है। बल्कि शहर को आधुनिक और व्यवस्थित स्वरूप देना है। उन्होंने कहा कि बाईपास रोड के सौंदर्यीकरण से शहर के प्रवेश मार्ग की पहचान बदलेगी और लोगों को बेहतर यातायात सुविधाएं मिलेंगी। निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने कहा कि कुछ माह पहले गुरुग्राम में मुख्यमंत्री नायब सिंह ने एक मार्ग के सौंदर्यीकरण का उद्‌घाटन किया था।

## स्वच्छता के साथ स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी शहर को बेहतर बनाना जरुरीः धीरज

- अतिरिक्त निगमायुक्त कुमार ने किया शिविर का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के तहत निगम कार्यालय में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में निगम के कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जांच की गई। निगम के अतिरिक्त निगमायुक्त धीरज कुमार ने शिविर का शुभारंभ किया।

शिविर मे सुमेश चंद्र मेमोरियल ट्रस्ट की ओर से डॉ. इंदू कपूर ने कर्मचारियों की आंखों की जांच कर उन्हें दृष्टि संबंधी जरूरी सलाह दी। वहीं, फैमिली प्लानिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया से डॉ. आरती नैन और शिल्पी बक्शी ने कर्मचारियों के बीपी, सामान्य स्वास्थ्य और अन्य जरूरी परीक्षण किए। इसके अलावा श्रीराम डेंटल क्लीनिक की टीम ने कर्मचारियों के दांतों की निःशुल्क जांच कर उन्हें आवश्यक सुझाव दिए। शिविर में डॉक्टरों ने कर्मचारियों को नियमित स्वास्थ्य जांच, संतुलित आहार, पर्याप्त नींद और तनाव मुक्त दिनचर्या अपनाने की सलाह दी। कई कर्मचारियों को शुरुआती स्वास्थ्य समस्याओं के संकेत मिलने पर उपचार की सलाह दी गई।



यमुनानगर। कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जांच करते हुए चिकित्सक।

### रोटरी क्लब आज कराएगा सुखमनी साहिब का पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

कस्बा रादौर के गुरूद्वारा सिंह सभा में अंतराष्टीय समाजसेवी संस्था रोटरी क्लब वूमैन की ओर से 9 अप्रैल को सुखमनी साहिब का पाठ करवाया जाएगा। जानकारी देते हुए रोटरी क्लब वूमैंन की प्रधान पूजा माटिया ने बताया कि क्लब की ओर से सभी की सुख शांति के लिए सुखमनी साहिब का पाठ करवाया जा रहा है। पाठ के माध्यम से सभी के लिए सुख शांति की कामना की जायेगी। उन्होंने सभी से अपील की कि सभी अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में उपस्थित होकर पुण्य के भागी बने। प्रधान पूजा भाटिया ने बताया कि संस्था की ओर से समाज में भक्तिभाव बढ़ाने के लिए समय समय पर सुखमनी पाठ का आयोजन किया जाता है।

## किसानों की फसलों को लेकर कृषि मंत्री का ब्यान घोर निंदनीय : बुबका

- फसलों का मंडियों में नहीं हो रहा समय पर उठान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

पिछले कुछ दिनों से हो रही बरसात के कारण किसानों की चिंताएं बढ़ी हुई हैं। किसानों को इस बात का डर सता रहा है कि कहीं बरसात ज्यादा हुई तो उनकी फसलें खराब न हो जाएं। बुधवार को कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए युवा कांग्रेसी नेता उमेश बुबका ने कहा कि कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने किसानों की फसलें बरसात में भीग जाने को लेकर जो शर्मनाक ब्यान दिया है उसकी वे निंदा करते हैं। बुबका ने बताया कि कृषि मंत्री एक किसान परिवार से संबंध रखते है। परंतु इसके बावजूद भी ऐसे ब्यान किसानों की भावनाओं को आहत करते हैं। 1 अप्रैल से अनाजमंडियों में सरकारी खरीद शुरू तो हो चुकी है। परंतु किसानों की फसल अनाजमंडियों में ऐसे ही पड़ी है। किसानों की फसलें नमी के नाम पर ऐसी ही पड़ी हैं। वहीं किसानों को गेट पास लेने में भी भारी दिक्कत आ रही है। बुबका ने कहा कि भाजपा राज में किसान हर तरफ से परेशान हैं। किसानों की फसलों का उठान तक सही समय पर नहीं हो रहा है।



रादौर। जानकारी देते युवा कांग्रेसी नेता उमेश बुबका। फोटो : हरिभूमि

अब प्रदेश सरकार ने दूसरे प्रदेशों की फसल रोकने के लिए नए कानून बनाए है। ये कानून प्रदेश के किसानों व आढ़तियों को परेशान करने वाले कानून है। किसान इन कानूनों के चलते लगातार काफी परेशानी का सामना कर रहे है। भाजपा एक देश एक चुनाव तो चाह रही है। परंतु एक देश की फसल को बेचने के लिए राज्यों की सीमाएं आफत बनी हुई है। उन्होंने कहा कि किसानों को खाद, बिजली के लिए लाइनो में लगाने का काम किया है। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने पर किसानों के कर्ज माफ किए जायेंगे।



### छात्रों को स्वास्थ्य के प्रति किया जागरुक

यमुनानगर। गुरु नानक खालसा कॉलेज में लीगल लिटरेसी सेल द्वारा बुधवार को हेल्थ जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कालेज के प्रिंसीपल डॉ. अरविंदर भल्ला ने किया। मौके पर कालेज के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. बलजीत सिंह ने अध्यक्षता की।

कालेज के प्रिंसीपल डॉ. अरविंदर भल्ला ने कहा कि हेल्थ जागरुकता कार्यक्रम आयोजित करने का मुख्य उदेश्य विद्यार्थियों में हेल्थ के प्रति जागरुकता बढ़ाना और मेंटल वेल बीइंग बनाए रखने की अहमियत के बारे में जागरुक करना रहा। उन्होंने कार्यक्रम के आयोजक एवं लीगल सेल के कन्वीनर डॉ. बलजीत सिंह, डॉ. अनुरा, डॉ. हेमंत सिंह मिश्रा, डॉ. पायल लांबा, प्रो. रॉबिन और डॉ. नेहा का कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सराहना की। वहीं, डॉ. हेमंत मिश्रा ने विद्यार्थियों को हेल्थ, हाइजीन और प्रिवेंटिव केयर के अलग अलग पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। कालेज प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सरदार रणदीप सिंह जौहर ने कहा कि संस्थान द्वारा इस प्रकार के कार्यक्रम भविष्य में आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कार्यक्रम के आयोजन करने के लिए समस्त स्टाफ सदस्यों को बधाई दी।

## 8वें पोषण पखवाड़ा को समन्वय के साथ बनाया जाएगा सफलः उपायुक्त

- महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आठवें पोषण पखवाड़ा का शुभारंभ आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से जिले में वीरवार से आठवें पोषण पखवाड़ा का शुभारंभ किया जा रहा है। यह पखवाड़ा 23 अप्रैल तक जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में मनाया जाएगा। उक्त जानकारी उपायुक्त प्रीति ने दी।

उपायुक्त प्रीति ने बताया कि इस वर्ष अभियान का मुख्य विषय जीवन के पहले छह वर्षों में बच्चों के मानसिक विकास को प्राथमिकता देना है। उन्होंने बताया कि इस पखवाड़े को समन्वय के साथ सफल बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि बच्चे के मस्तिष्क का लगभग 85 प्रतिशत विकास छह वर्ष की आयु तक हो जाता है। जिसमें पहले एक हजार दिन बेहद महत्वपूर्ण होते हैं। उपायुक्त प्रीति ने बताया कि इस बार पोषण पखवाड़ा पोषण के साथ साथ मानसिक विकास पर भी केंद्रित रहेगा। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम मां और बच्चे के पोषण, प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और आंगनवाड़ियों को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करता है। उन्होंने बताया कि महिलाओं और बच्चों पर ध्यान देते हुए एक पौष्टिक भारत के निर्माण की दिशा में ये कदम कारगर सिद्ध होगा। इस पखवाड़े का उद्देश्य परिवारों और समुदायों को ऐसी आदतों और उपायों के प्रति जागरूक करना है जो शिशुओं के स्वस्थ विकास और मस्तिष्क के पोषण में सहायक हों। उपायुक्त प्रीति ने संबंधित विभागों को जनभागीदारी बढ़ाने के लिए सक्रिय रहने के निर्देश दिए।



यमुनानगर। पोषण पखवाड़ा पर जानकारी देते हुए उपायुक्त प्रीति।फोटो : हरिभूमि

### खेलों में भाग लेकर देश का नाम रोशन कर रहे युवा : नेपाल राणा

**रादौर।** पंद्रहवी हरियाणा एथलेटिक्स प्रतियोगिता में कांस्य पदक विजेता रही गांव ठसका की छात्रा जसतीन कौर का रादौर में कार्यक्रम आयोजित कर जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा के बेटे एवं वरिष्ठ भाजपा नेता नेपाल राणा ने भाग लिया। मुख्यातिथि एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता नेपाल राणा ने कहा कि गत दिनों आयोजित हुई पंद्रहवी हरियाणा एथलेटिक्स प्रतियोगिता में आयोजित हुई बीस वर्ष के आयु वर्ग की शॉटपुट प्रतियोगिता में जसनीत कौर ठसका ने कांस्य पदक जीतकर इलाके व अपने अभिभावकों का नाम रोशन किया है। रादौर क्षेत्र के नागरिकों को बेटी जशनीत कौर की इस उपलब्धि पर गर्व है। उन्होंने कहा कि जसनीत कौर के शाटपुट प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतने से इलाके के युवाओं को भी प्रेरणा मिली है। उन्होंने कहा कि आज युवा खेलों में भाग लेकर देश का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए जसनीत कौर को शुभकामनाएं दी। ब्राइट फ्यूचर अकादमी के कोच अमित चौहान ने कहा कि रादौर क्षेत्र के खिलाड़ियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है।



## बच्चों को स्वस्थ रखने के लिए सिखाएं सही खानपान की आदतें : डॉ. शर्मा

- न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल में हुई हेल्दी टिफिन एक्टिविटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

न्यू हैप्पी स्कूल में विद्यार्थियों के स्वास्थ्य को लेकर हेल्दी टिफिन एक्टिविटी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्या डॉ. बिंदु शर्मा ने किया।

प्रधानाचार्या ने बताया कि हेल्दी टिफिन एक्टिविटी कार्यक्रम आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य बच्चों में जंक फुड के बढ़ते प्रचलन को रोकना तथा उन्हें पौष्टिक, संतुलित व घर के बने भोजन के महत्व के प्रति जागरूक करना रहा। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है। यदि हम अपने बच्चों को प्रारंभ से ही सही खान पान की आदतें सिखाएं तो वह जीवनभर स्वस्थ और ऊर्जावान बने रहेंगे। हेल्दी टिफिन एक्टिविटी इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। नन्हे मुन्ने बच्चों ने अपने टिफिन में विभिन्न प्रकार के पौष्टिक व्यंजन जैसे फल, सलाद, अंकुरित अनाज, व अन्य स्वास्थ्यवर्धक खाद्य पदार्थ लाकर प्रस्तुत किए। विद्यालय प्रबंधक समिति के चेयरमैन जीएस शर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में बच्चों में जंक फूड की आदत तेजी से बढ़ रही है। जो उनके स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक है। विद्यालय और अभिभावकों का संयुक्त प्रयास ही बच्चों को इस आदत से दूर रख सकता है।



यमुनानगर। हेल्दी भोजन को दिखाते हुए नन्हें मुन्ने बच्चे। फोटो : हरिभूमि

### दून पब्लिक स्कूल में स्टाफ व बच्चों ने दी पुष्पांजलि

# शहीद मंगल पांडे के बलिदान दिवस पर किया नमन

1857 के सैन्य विद्रोह को ब्रिटिश लोगों ने दिया था स्वतंत्रता की पहली लड़ाई का रूप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

दून पब्लिक स्कूल बुबका में बुधवार को शहीद मंगल पांडे का शहीदी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल की प्रिंसिपल रेखा कांबोज मुख्य रूप से मौजूद रही। कांबोज के नेतृत्व में स्कूल के स्टाफ सदस्यों व बच्चों ने शहीद मंगलपांडे के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। प्रिंसिपल रेखा कांबोज शहीद मंगलपांडे के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उनका जन्म 19 जुलाई 1827 को उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के नगवा गांव में हुआ था। वह अंग्रेजी ईस्ट इंडिया कंपनी के बंगाल नेटिव इन्फैंट्री बीएनआई के 34वें सैन्य दल में एक भारतीय सिपाही के रूप में भर्ती हुए थे। मंगल पांडे भारतीय इतिहास में हुई पूर्व घटनाओं को जानने और ब्रिटिश अधिकारियों पर हमला करने के लिए अंग्रेजी ईस्ट इंडिया कंपनी में शामिल हुए। 1857 में हुए सैन्य विद्रोह को ब्रिटिश लोगों ने इसे भारतीय स्वतंत्रता की पहली लड़ाई का रूप दे दिया। 29 मार्च 1857 को कोलकाता के निकट बैरकपुर में मंगल पांडे ने ब्रिटिश सेना पर हमला किया और एक सहायक को घायल करने के अलावा एक ब्रिटिश हवलदार को भी घायल कर दिया। एक देशी सिपाही ने मंगल पांडे को सेनापति और सर्जेंट मेजर की हत्या करने से रोकने का प्रयास किया। मंगल पांडे को गिरफ्तार कर मौत की सजा सुनाई गई। मौके पर अनिल शर्मा, पम्मी, बिंदु शर्मा, सुमित पंडित, गगन शर्मा, पवन शर्मा, निर्मल शर्मा, खिल्ली भूषण मंसूरपुर, गौरव शर्मा, अंकुश गुप्ता, दिनेश कंबोज, अनिल, चेतन शर्मा, संजू सैनी आदि मौजूद रहे।



रादौर। शहीद मंगल पांडे को श्रद्धांजलि अर्पित करते स्थानीय लोग।

### 8 अप्रैल 1857 को मंगल पांडे को दी गई थी फांसी

वहीं दूसरी ओर कस्बा रादौर में ब्राह्मण धर्मशाला में भी 1857 की क्रांति के प्रथम क्रांतिकारी शहीद मंगल पांडे का बलिदान दिवस मनाया गया। स्थानीय लोगों ने शहीद मंगल पांडे के वंशज अनूप पांडे के नेतृत्व में मंगल पांडे को श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर मौजूद अनूप पांडे ने कहा कि शहीद मंगलपांडे अंग्रेजी ईस्ट इंडिया कंपनी के बंगाल नेटिव इन्फैंट्री बीएनआई के 34वें सैन्य दल में एक भारतीय सिपाही के रूप में भर्ती हुए थे। 1857 में हुए सैन्य विद्रोह को ब्रिटिश लोगों ने इसे भारतीय स्वतंत्रता की पहली लड़ाई का रूप दे दिया। 8 अप्रैल 1857 को मंगल पांडे को फांसी दे दी गई थी।

**खबर संक्षेप**

### रोजगार मेले का आयोजन 16 को

कुरुक्षेत्र। जिला रोजगार अधिकारी सीमा सैनी ने कहा कि 16 अप्रैल को एसकेआईईटी कॉलेज रतनडेरा में जिला रोजगार कार्यालय द्वारा रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इस मेले की शुरूआत सुबह 10 बजे से की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस रोजगार मेले में एचआरईएक्स पोर्टल पर पंजीकृत प्रार्थी ही भाग ले सकते हैं। इन प्रार्थियों ने 10वीं, 12वीं, स्नातक, स्नातकोत्तर, आईटीआई और अन्य डिप्लोमा हासिल किया हुआ हो।

### अवैध कॉलोनी में निर्माण को किया नष्ट

कुरुक्षेत्र। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि राजस्व संपदा थानेसर के गांव सिरसमा में लगभग 8.5 एकड़ में पनप रही दो अवैध कालोनियों में जिला प्रशासन की मदद से तोड़-फोड़ की कार्रवाई अमल में लाई गई। यह डयूटी मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ डीटीपी की टीम ने थानेसर के गांव सिरसमा में लगभग 8.5 एकड़ में पनप रही दो अवैध कालोनी में बनी सडकें, बाउंड्री वाल, डीपीसी, सीवरेज, मेनहॉल और गेट के अवैध निर्माण को पीले पंजे से हटाया गया। जिला नगर योजनाकार विभाग द्वारा कार्रवाई करते हुए विभाग द्वारा इन अवैध कालोनियों में निर्माण को नष्ट करने का काम किया गया है।

## जिले में एलपीजी गैस, पेट्रोल व डीजल की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य

# 3 कंपनियों के पास 5 किलो के सिर्फ 998 सिलेंडर उपलब्ध

*सरकार ने 5 किलोग्राम वाले छोटे एलपीजी गैस सिलेंडर के सप्लाई कोटे को दोगुना करने का ऐलान किया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

पश्चिम एशिया में जारी जंग के कारण देश में रसोई गैस की सप्लाई में हो रही परेशानी के बीच केंद्र सरकार ने 5 किलोग्राम वाले छोटे एलपीजी गैस सिलेंडर के सप्लाई कोटे को दोगुना करने का ऐलान किया है। 5 किलो वाले फ्री ट्रेड एलपीजी सिलेंडर के कोटा को बढ़ाए जाने का फायदा उन लोगों को मिलेगा, जो गांव से रोजी-रोटी की तलाश में या पढ़ने के लिए शहरों में आते हैं और खाना बनाने के लिए बिना कनेक्शन वाले इन छोटे सिलेंडर का उपयोग करते हैं। छोटा सिलेंडर प्रवासी मजदूर, झुग्गी झोपड़ी व निमार्णाधीन स्थलों पर कार्य करने वाले व रहने वाले प्रवासी मजदूरों को दिया जाएगा। जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक नरेश कुमार ने जिले वासियों से अपील की है कि घबराहट में ईंधन की अनावश्यक खरीदारी न करें। पर्याप्त भंडार उपलब्ध होने के कारण केवल



कुरुक्षेत्र। गैस एजेंसी के बाहर लाइन में खड़े उपभोक्ता।

आवश्यकता अनुसार ही खरीदारी करें, ताकि व्यवस्था सुचारू बनी रहे। जिला में एलपीजी गैस, पेट्रोल व डीजल आदि सभी पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति पूरी तरह से सामान्य है। उन्होंने कहा कि ईंधन की कमी को लेकर अफवाह फैलाने, जमाखोरी या ब्लैक मार्केटिंग करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन द्वारा लगातार पेट्रोल पंपों व गैस एजेंसियों का निरीक्षण किया जा रहा है और सप्लाई चेन की निगरानी की जा रही है। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने दावा किया कि जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की रिपोर्ट के अनुसार कुरुक्षेत्र जिले में एचपीसीएल की 6 एजेंसियों के पास 5 किलो के 194 सिलेंडर है, जबकि बीपीसीएल कंपनी की 9 एजेंसियों के पास 413, आईओसीएल की 12 एजेंसियों के पास 391 गैस सिलेंडर स्टॉक में है। इस प्रकार इस जिले में 5 किलो के कुल 998 गैस सिलेंडर स्टॉक में है। उन्होंने कहा कि प्रवासी मजदूरों को गैस सिलेंडर की दिक्कत नहीं आने दी जाएगी।

**दावे से उलट हालात, सिलेंडर की लंबी हो रही कतार**

प्रशासन का दावा है कि 25 दिन बाद गैस सिलिंडर मिल रहा है लेकिन हालात दावे से उल्ट हैं। लोगों को 45 दिन बाद भी सिलेंडर नहीं मिल रहा है। ऐसे में एजेंसियों के बाहर लोगों की सिलेंडर के लिए लाइन लंबी होती जा रही है। इंडियन गैस एजेंसी समेत अन्य एजेंसियों पर लोग सिलेंडर के लिए लाइन में खड़े दिखाई दिए।

**छापेमारी कर 72 गैस सिलेंडरों किए जब्त**

जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक नरेश कुमार ने कहा कि घरेलू गैस सिलेंडर का व्यावसायिक उपयोग करने वालों पर भी कार्रवाई होगी। गैस के मामले में आवश्यक सेवाओं को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने बताया कि जिला में 3 कंपनियों की 27 गैस एजेंसियां कार्यरत हैं। मंगलवार को जिला में नागरिकों को कुल 6625 एलपीजी गैस सिलेंडर उपलब्ध करवाए गए। इन टीमों ने 118 स्थानों पर छापेमारी की है। इनमें से 72 गैस सिलेंडरों का जब्त किया गया है।

**सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी**

डीएफएससी नरेश कुमार ने बताया कि किसी भी समस्या या जानकारी के लिए नागरिक प्रशासन द्वारा जारी कंट्रोल रूम नंबर 01744-294418 पर संपर्क कर सकते हैं। सरकार और प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और जिले में आवश्यक वस्तुओं की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वे घबराकर सिलेंडर की खरीदारी न करें। लोगों से अफवाह से बचने और केवल आधिकारिक जानकारी पर ही भरोसा करने का आग्रह किया गया है, ताकि पैनिक की स्थिति न बने।

## बारिश व ओलावृष्टि से खेतों में फसल बिछी

*मौसम खराब होने के कारण नहीं हो पा रही गेहूं की कटाई*



कुरुक्षेत्र। पिहोवा मंडी में पानी में भीगी गेहूं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

बुधवार दोपहर को हुई बारिश व ओलावृष्टि ने किसानों के सपनों पर पानी फेर दिया। बारिश की वजह से जहां गेहूं की कटाई का कार्य रुक गया। वहीं अनाज मंडी में बिकने के लिए आई किसानों की गेहूं भी भीग गई। गेहूं को भीगने से बचाने के लिए ढेरियों को तिरपाल से तो ढका गया, लेकिन आधा घंटा हुई झमाझम बारिश से किसानों की गेहूं फिर भी गीली होने से बच नहीं पाई। फिलहाल अभी मंडी में गेहूं कम मात्रा में ही पहुंची है। लगातार मौसम खराब होने के कारण गेहूं की कटाई नही हो पा रही है। वही बेमौसमी भारी बरसात व ओलो के कारण जिला के हलका लाडवा व पिहोवा में किसानों के खेतों में पक कर तैयार खड़ी फसलें जमीन पर बिछ गईं, जिससे किसानों का भारी नुकसान हो गया। किसान हुकुमचंद, सुरजीत सिंह राजकुमार, बलजीत सिंह ने बताया कि खेतों में गेहूं की फसल पककर तैयार थी, जो बारिश के कारण जमीन पर बिछ गई। खेतों में जलभराव होने से डूबकर फसल खराब हो गई। इसके अलावा मंडियों में गेहूं लेकर पहुंचे कुछ किसानों की फसल भी भीग गई। किसानों ने सरकार से मुआवजे की मांग की है। इससे किसानों के खून पसीने की कमाई मिट्टी में मिल गई। अब उन्हें चिंता सता रही है कि आखिरकार कैसे फसलों के खर्च की भरपाई होगी। कैसे घर का खर्च चलाएंगे। उन्होंने बताया कि बहुत से किसानों ने जमीन ठेके पर लेकर फसल लगाई थी। उन्हें उम्मीद थी कि इस बार अच्छी पैदावार होगी लेकिन बेमौसम बारिश ने अरमानों पर पानी फेर दिया। इसको लेकर अब किसान चिंतित हैं।

## शिक्षकों की जनगणना में ड्यूटी ठीक करने की मांग

*राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने सीटीएम को सौंपा ज्ञापन*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। ज्ञापन सौंपते राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारी।

राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ कुरूक्षेत्र के शिष्टमंडल ने नगराधीश कुरूक्षेत्र आशीष कुमार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि जनगणना में शिक्षकों की असंगत ड्यूटी आई हैं उनकी गलत ड्यूटी न लगाई जाए। विकलांग शिक्षक की ड्यूटी न लगाई जाए और जेबीटी शिक्षकों की विशेष रूप से ड्यूटी ज्यादा आई हैं और इस समय स्कूलों में नामांकन अभियान चलाया गया है और इस समय में छोटे छोटे बच्चों को कौन संभालेगा? कुछ स्कूलों में पूरे स्टाफ की ड्यूटी आई है ऐसे में कैसे दाखिला होगा और कैसे बच्चों की पढ़ाई होगी? राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ सभी अधिकारियों और सरकार से अनुरोध करता है कि शिक्षक की मूलभूत समस्या को समझ कर आधे स्टाफ की ड्यूटी लगाई जाए और वह ड्यूटी उसके स्कूल के दायरे में लगाई जाए ताकि शिक्षक अपने स्कूल और बच्चों को भी देख सकें। राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिला उपायुक्त और नगराधीश से निवेदन करता है कि अन्य विभागों के कर्मचारियों को भी समानुपात में ड्यूटी पर लगाएं। शिष्टमंडल में राजेंद्र टंडन, संदीप चौहान, बलकार बूरा, दीपिका और सुमन लता शामिल रहे।

## किसानों की बायोमेट्रिक सत्यापन के लिए 8 जगह निर्धारित : अनुभव मेहता

लाडवा। एसडीएम अनुभव मेहता ने कहा कि अनाज मंडी में गेहूं खरीद के दौरान किसानों को किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं आने दी जाएगी। सरकार ने इस बार किसानों के लिए एक एप जारी की गई है।



इस एप से किसान स्वयं गेटपास भी बना सकते हैं। इसके अलावा सभी गेटों पर गेटपास बनाने के लिए टीमें भी नियुक्त कर दी गई है। इसके साथ ही बायोमेट्रिक सत्यापन के लिए भी 8 स्थान निर्धारित किए गए हैं। एसडीएम अनुभव मेहता ने कहा कि किसानों की बायोमैट्रिक सत्यापन के लिए मार्केट कमेटी लाडवा फर्स्ट फ्लोर, मार्केट कमेटी ग्राउंड फ्लोर, अनाज मंडी धर्मशाला गेट नंबर 2, दुकान नंबर 3 विस्तार मंडी लाडवा, दुकान नंबर 47 मंडी प्रधान अनाज मंडी, दुकान नंबर 54, दुकान नंबर 111-बी अनाज मंडी लाडवा को निर्धारित किया गया है। किसानों को सबसे पहले गेट पास तैयार करवाना होगा। किसान अपने मोबाइल से स्वयं भी गेटपास बना सकता है। गेटपास के बाद किसानों की बायोमैट्रिक की जाएगी। एसडीएम अनुभव मेहता ने कहा कि किसानों की बायोमैट्रिक सत्यापन के बाद ही किसान की फसल का डाटा ई-खरीद पोर्टल पर जाएगा। यदि किसान की बायोमैट्रिक नहीं होगी तो डाटा ई-खरीद पोर्टल पर दिखाई नहीं देगा।

## मांगों को लेकर अग्निशमन कर्मियों ने की हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। अग्निशमन विभाग कार्यालय में धरने पर बैठे कर्मचारी।

नगर पालिका कर्मचारी संघ शाखा अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ने बुधवार से दो दिवसीय हड़ताल शुरू कर दी। अग्निशमन विभाग कार्यालय में धरने पर बैठे प्रधान मनजीत सिंह ने बताया कि 16 फरवरी 2026 को फरीदाबाद में अग्नि सीमेंट विभाग के दो कर्मचारी शहीद हुए उनकी शहादत को शाहिद का दर्जा दिलवाने के लिए दो दिवसीय हड़ताल है। मंच का संचालन कर रहे नेकीराम ने कहा कि कौशल रोजगार निगम बंद किया जाए, कौशल के कर्मचारी विभाग पे रोल पर किए जाएं। 5 हजार भत्ता दिया जाए। 6 साल से पैरोल के कर्मचारियों की सैलरी नहीं बढ़ी है सैलरी बढ़ाई जाए। ऑनलाइन ऑनलाइन ट्रांसफर बंद की जाए। सर्व कर्मचारी संघ जिला कुरुक्षेत्र की टीम ने हड़ताल का समर्थन किया। जिला प्रधान रामनाथ, जिला सचिव संदीप सिंह, डिप्टी जर्नल सेक्टरी सर्व कर्मचारी संघ संदीप सागवान, रिटायर्ड कर्मचारी संघ रामेश्वर सिंह, अग्निशमन विभाग से कर्मचारी हाकम सिंह, लाडवा से कुलदीप सिंह, जगमीत सिंह, करनैल सिंह, राकेश कुमार, नरेंद्र कुमार, राज सिंह, सचिन कुमार, नेकी राम, बलवान मोर, सचिन कुमार राणा, दीपक, राजिंदर कुमार मौजूद रहे।

### मकान सूचीकरण व गणना कार्य जिम्मेदारी से करें : उपायुक्त

कुरुक्षेत्र। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि जनगणना एक अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, जिसके आंकड़े देश की भविष्य की विकास योजनाओं और नीतियों के निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रथम चरण के कार्य को पूरी जिम्मेदारी, पारदर्शिता और सावधानी के साथ संपादित किया जाए, ताकि सटीक और विश्वसनीय आंकड़े प्राप्त हो सकें। भारत की जनगणना-2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं गणना कार्य को लेकर सोमवार को शुरू हुए एन्यूमरेटर और सुपरवाइजर के प्रशिक्षण कार्यक्रम को लेकर संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों और जनप्रतिनिधियों को जनगणना प्रक्रिया की पूरी जानकारी दी जाए, जिससे किसी प्रकार का भ्रम उत्पन्न न हो और सभी के सहयोग से यह कार्य सफलतापूर्वक पूरा किया जा सके।

## अहोभाव से ही सुख का जन्म होता है : सिद्धार्थ औलिया

कुरुक्षेत्र। समर्थगुरु धाम मुरथल हरियाणा के संस्थापक समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया के सान्निध्य में माधोपुर महोत्सव के द्वितीय दिन वर्तमान उपनिषद की दिव्य चर्चा को आगे बढ़ाते हुए अहोभाव पर गहन प्रकाश डाला गया। शिकायत




भाव से जीवन में दुःख उत्पन्न होता है, क्योंकि इसका संबंध अतीत और भविष्य से है। जबकि वर्तमान में जीने के लिए अहोभाव ही सच्चा सहयोगी है। अहोभाव से ही सुख का जन्म होता है। लेकिन अहोभाव में कैसे जिया जाए ? इसके लिए समर्थगुरुदेव ने अनेक सरल और गहन उपाय बताए। जो साधकों के लिए मार्गदर्शक बन गए। विशेष सत्र के समापन पर सभी साधकों ने आनंद, उमंग, उत्साह और कृतज्ञता के साथ धूमधाम से उत्सव मनाया। समर्थगुरु धाम हिमाचल के जोनल कोऑर्डिनेटर आचार्य डॉ. सुरेश मिश्रा ने बताया कि आध्यात्मिक साधना में सदगुरु की ही मुख्य भूमिका होती है। इस शुभ अवसर पर समर्थगुरु धाम की सचिव मां मीराबाई, समर्थगुरू धाम के केंद्रीय संयोजक आचार्य दर्शन, समर्थगुरु धाम पंजाब के कोऑर्डिनेटर आचार्य डॉ. मुनीश,आचार्य गोपाल, आचार्य दलशेर, स्वामी सुशील, स्वामी अनिल सरोहा, स्वामी इंद्रजीत, स्वामी राजू के साथ अनेक साधक अपने परिवार के साथ उपस्थित रहें।

## सीएम 11 को बाबैन में महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती समारोह में करेंगे शिरकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। लघु सचिवालय के सभागार में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अधिकारियों को संबोधित करते उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा।

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि 11 अप्रैल को सुबह के समय सैनी समाज की तरफ से बाबैन के गांव बरगट में महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस जयंती समारोह में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ-साथ हरियाणा सरकार के मंत्रीगण व सांसदगण भाग लेंगे। इस कार्यक्रम में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन की तरफ से पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा बुधवार को लघु सचिवालय के सभागार में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अधिकारियों की एक बैठक को संबोधित कर रहे थे। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि सैनी समाज की तरफ से 11 अप्रैल को बाबैन के गांव बरगट में महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस जयंती समारोह में समाज के लोग शिरकत करेंगे। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी होंगे। इसके अलावा प्रदेश के मंत्रीगण और सांसदगण भी कार्यक्रम में पहुंचने की सहमति व्यक्त की है। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने पुलिस प्रशासन व संबंधित विभागों के अधिकारियों को अपने स्तर पर समय रहते सुरक्षा व्यवस्था के प्रबंध करना सुनिश्चित करें।



## पिहोवा उपमंडल अस्पताल में एचपीवी टीकाकरण अभियान जारी

पिहोवा। सब डिविजनल हॉस्पिटल पिहोवा में बेटियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए ह्यूमन पैपिलोमा वायरस टीकाकरण अभियान निरंतर चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की लड़कियों को सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर निःशुल्क एचपीवी वैक्सीन लगाई जा रही है। इस संबंध में जानकारी देते हुए एसएमओ डॉ. संजीव गोयल ने बताया कि एचपीवी वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एक प्रभावी सुरक्षा कवच है। उन्होंने बताया कि अब 14 से 15 वर्ष की लड़कियों के लिए सिर्फ एक ही डोज पर्याप्त मानी गई है, जिससे भविष्य में इस गंभीर बीमारी से बचाव संभव है। उन्होंने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि वे अपनी 14 से 15 वर्ष की बेटियों को नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य केंद्र या सब डिविजनल हॉस्पिटल पिहोवा में लाकर समय पर टीकाकरण अवश्य करवाएं। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा स्कूलों व गांवों में भी जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक लड़कियां इस सुविधा का लाभ उठा सकें। एसएमओ डॉ. संजीव गोयल ने बताया कि यह टीकाकरण पूरी तरह सुरक्षित और निःशुल्क है।



कुरुक्षेत्र। मंडी में दौरा करते युवा जेजेपी प्रदेशाध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला।

## मंडियों में बायोमेट्रिक जैसे काले कानून तुरंत वापस हों : चौटाला

कुरुक्षेत्र। युवा जेजेपी प्रदेशाध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला ने कुरुक्षेत्र अनाज मंडी का विस्तृत दौरा कर किसानों, आढ़तियों व मजदूरों से मुलाकात की और फसल खरीद प्रक्रिया के दौरान आ रही विभिन्न समस्याओं को गंभीरता से सुना। इस दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों और संबंधित एजेंसियों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए। इस मौके पर मंडी में मौजूद आढ़तियों एवं किसानों ने भी अपनी-अपनी समस्याएं दिग्विजय सिंह चौटाला के समक्ष रखीं, जिनका उन्होंने गंभीरता से संज्ञान लेते हुए आश्वासन दिया कि उनकी आवाज को सरकार तक मजबूती से पहुंचाया जाएगा। किसानों ने फसल खरीद में देरी, उठान में सुस्ती, भुगतान में हो रही लेटलतीफी तथा मंडियों में लागू की जा रही बायोमेट्रिक प्रणाली से जुड़ी परेशानियों को प्रमुख रूप से उठाया। दिग्विजय सिंह चौटाला ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि वर्तमान सरकार की नीतियां पूरी तरह किसान विरोधी हैं।

### केयू में तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ, कुरुक्षेत्र की ऐतिहासिक विरासत पर मंथन

# भारत के अध्यात्म एवं संस्कृति की विश्व में पहचान: ज्ञानानंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय के सीनेट हॉल में कुरुक्षेत्रः थ्रू द एजेस विषय पर आयोजित तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का बुधवार को विधिवत शुभारंभ किया गया। इस सम्मेलन का आयोजन भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद (आईसीएचआर), नई दिल्ली, श्रीमद भगवद गीता अध्ययन केंद्र, स्वदेशी शोध संस्थान, जिओ गीता तथा विजन कुरुक्षेत्र के सहयोग से किया जा रहा है, जबकि इसकी फंडिंग आईसीएचआर, नई दिल्ली द्वारा की जा रही है। सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में गीता मनीषी स्वामी



कुरुक्षेत्र। अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ करते स्वामी ज्ञानानंद महाराज।

ज्ञानानंद महाराज ने कहा कि भारत के अध्यात्म एवं संस्कृति की विश्व में विशिष्ट पहचान है। श्रीमद्भागवत गीता का महत्व अत्यंत व्यापक और गहरा है। विश्व के अनेक चिंतकों और दार्शनिकों ने इसकी उदारता और सार्वभौमिक दृष्टि को स्वीकार किया है। उन्होंने कहा कि गीता में केवल आध्यात्मिकता का गहन दर्शन ही नहीं मिलता, बल्कि उसमें राष्ट्र निर्माण के लिए आवश्यक कर्तव्य, नैतिकता और लोक कल्याण जैसे मूल्यों का भी उच्च चिंतन निहित है।

**गीता, राष्ट्रवाद और कुरुक्षेत्र की वैश्विक पहचान**

स्वामी ज्ञानानंद ने कहा कि गीता में राष्ट्रवाद का भी अलौकिक चिंतन निहित है, जो व्यक्ति को केवल अपने हित तक सीमित नहीं रखता, बल्कि समाज, राष्ट्र और मानवता के व्यापक कल्याण के लिए प्रेरित करता है। स्वामी ज्ञानानंद ने कहा कि कुरुक्षेत्र को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने के लिए अभी भी पर्याप्त प्रयासों की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र की ऐतिहासिक विरासत और गीता के सार्वभौमिक संदेश को विश्व के समक्ष प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करना समय की आवश्यकता है, जिससे आने वाली पीढ़ियाँ भी इस महान परंपरा से प्रेरणा ले सकें और भारतीय संस्कृति के इस अमूल्य धरोहर को समझ सकें। पद्मश्री प्रो. (डॉ.) राघवेंद्र तंवर, अध्यक्ष, भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली ने कहा कि कुरुक्षेत्र केवल एक भौगोलिक क्षेत्र नहीं, बल्कि आस्था, इतिहास और संघर्ष की जीवंत धरोहर है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता ऐसा महान ग्रंथ है जो मानव जीवन के प्रत्येक द्वंद्व का समाधान प्रस्तुत करती है। यह केवल आध्यात्मिक मार्गदर्शन ही नहीं देती, बल्कि जीवन के हर पहलू कर्तव्य, नैतिकता, संघर्ष और आत्मबोध को स्पर्श करती है। समारोह को प्रो. कुलदीप चंद अग्निहोत्री, उपाध्यक्ष, हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी, पंचकूला और विजन कुरुक्षेत्र के अध्यक्ष मदन मोहन छाबड़ा ने भी संबोधित किया। अतिथियों का आभार आयोजन सचिव प्रो. आरके देसवाल ने किया।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर प्रो. ऋचा तंवर, मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार तुषार सैनी, डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. राकेश कुमार, डॉ. अमरजीत लोचन, डॉ. एके गुप्ता, डॉ. एनपी सिंह, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी, प्रो. दिनेश राणा, प्रो. एसके चहल, प्रो. तेजेन्द्र शर्मा, प्रो. कुसुम लता, प्रो. नीरा राघव, प्रो. रमेश दलाल, डॉ. जितेन्द्र खटकड़, डॉ. धर्मवीर, प्रो. राजपाल, प्रो. शुचिस्मिता, लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया, उप-निदेशक डॉ. जिम्मी शर्मा प्रो. अमित लूदरी, डॉ. रविन्द्र बलियाला, धर्मवीर मिजार्पुर, डॉ. कृष्णा, डॉ आबिद अली, डॉ. जितेन्द्र जांगडा सहित शिक्षक, शोधार्थी और विद्यार्थी मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### विश्व शांति के लिए होगा महा नवोकार मंत्र का जाप

**मुलाना।** विश्व नवकार महामंत्र दिवस के पावन अवसर पर एसएस जैन स्थानक में एसएस जैन सभा द्वारा 9 अप्रैल को एक भव्य आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान सुबह 8:30 बजे से 9:30 बजे तक सामूहिक महा नवोकार मंत्र का जाप किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के भाग लेंगे । सभा के प्रवक्ता श्रीपाल जैन ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य पूरे विश्व में शांति, सद्भाव और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना है। उन्होंने बताया कि नवोकार महामंत्र जैन धर्म का सबसे पवित्र और प्रभावशाली मंत्र है।

### लाहन व अवैध शराब के साथ आरोपी पकड़ा

**अंबाला।** सीआईए-1 की टीम को एक बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से घर में शराब बनाने वाले एक आरोपी को धर दबोचा है। जांच टीम को सूचना मिली थी कि थाना नग्गल के अंतर्गत आने वाले गांव कलावड में अवैध शराब बनाने का धंधा चल रहा है। टीम ने तुरंत योजनाबद्ध तरीके से दबिश दी जहां आरोपी अपने घर के कमरे में ही अवैध देसी शराब तैयार कर रहा था। मौके से पुलिस ने 35 लीटर लाहन, 16 लीटर अवैध देसी शराब और शराब बनाने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला अन्य साजो-सामान बरामद कर जब्त किया है।

### धोखाधड़ी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना सेक्टर-9 अंबाला शहर पुलिस ने धोखाधड़ी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए विदेश भेजने के नाम पर लाखों रूपये हड़पने के मामले में संलिप्त अन्य दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान हरभजन सिंह वासी गांव पंजोखरा व हरप्रीत सिंह उर्फ बंपी के रूप में हुई है। शिकायतकर्ता साहिल कुमार की शिकायत पर पुलिस ने विदेश भेजने की धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि आरोपियों ने विदेश भेजने का झांसा देकर उससे 5 लाख 60 हजार रूपये की रकम हड़प ली।

### चोरी के आरोपियों से सामान बरामद

**अंबाला।** चोरी के दो अलग-अलग मामलों में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनसे चोरीशुदा सामान व एक्टिवा बरामद की है। हरि पैलेस कट अंबाला शहर के पास से महालक्ष्मी इलेक्ट्रिक बिजली दुकान से 30 बंडल बिजली तार (कॉपर) व नकदी चोरी करने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता सुदर्शन कुमार ने 6 अप्रैल 2026 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 4 मार्च 2026 को आरोपी ने हरि पैलेस कट अम्बाला शहर के पास से महालक्ष्मी इलेक्ट्रिक बिजली दुकान से 30 बंबल बिजली तार (कॉपर) व नकदी चोरी की है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### फर्जी जमानदार के खिलाफ केस दर्ज

**अंबाला।** फर्जी दस्तावेजों से जमानत हासिल करने का मामला सामने आया है। जिला सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र मलिक की अदालत ने इस धोखाधड़ी पर लेते हुए केस दर्ज करवाया है। मामला राज्य बनाम अमरीक सिंह एवं अन्य की सुनवाई के दौरान उजागर हुआ।अदालत में जब आरोपी रॉकी के जमानतदार भूपिंदर सिंह को बुलाया गया तो उन्होंने चौंकाने वाला खुलासा किया। भूपिंदर ने बयान दिया कि उन्होंने कभी रॉकी की जमानत नहीं ली।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## निगम अधिकारियों की कारगुजारियों से राज्य सरकार की किरकिरी

# हाईकोर्ट ने जारी नोटिफिकेशन रद्द की, चुनाव लटकना तय

**अनुसूचित जाति के मतदाताओं की संख्या कम होने का हवाला देकर एससी वार्ड किए थे कम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

नगर निगम के प्रस्तावित चुनाव अब लटकना तय माने जा रहे हैं। चुनाव को लेकर निगम अधिकारियों की कारगुजारियों की वजह से पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में राज्य सरकार की ओर से जारी नोटिफिकेशन को रद्द कर दिया है। राज्य सरकार की ओर से अंबाला व पंचकुला नगर निगम के चुनाव को लेकर जनसंख्या व अनुसूचित जाति के रिजर्व वार्डों को लेकर अधिसूचना जारी की गई थी। इस अधिसूचना में अंबाला में एससी रिजर्व वार्डों की संख्या पांच से कम कर तीन कर दी गई जबकि पंचकुला में चार की जगह एससी वार्डों की संख्या तीन कर दी गई थी। मजे की बात है कि दोनों निगमों में अनुसूचित जाति के लोगों की संख्या कम होने का दावा किया गया था। ऐसे में अब जल्द निगम चुनाव करवाना राज्य सरकार के गले की हड्डी बन गए हैं।




अंबाला। शहर नगर निगम का बाहरी दृश्य। फोटो : हरिभूमि

### ईवीएम के साथ वीवीपैट जोड़ने की मांग

तीन बड़े नगर निगमों पंचकूला, अंबाला और सोनीपत में मेयर और पार्षदों के चुनाव में ईवीएम के साथ वीवीपैट जोड़ने की मांग पर भी पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में सुनवाई चल रही है। 10 अप्रैल का इस मुद्दे पर सुनवाई होगी। पंचकूला के कांग्रेस नेता रविंद्र रावल की ओर से इस मांग को लेकर याचिका दायर की हुई है। रावल ने चुनाव आयोग को सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले का हवाला देते हुए बताया कि चुनाव में वीवीपैट जरूरी है या फिर चुनाव को बैलेट पेपर के माध्यम से करवाया जाए। हालांकि राज्य चुनाव आयोग की ओर से ईवीएम के साथ वीपीपैट जोड़ने को लेकर दायर याचिका को खारिज कर दिया था। इसके बाद रावल हाईकोर्ट गए। हाईकोर्ट में भी सुनवाई के दौरान आयोग ने तर्क दिया कि पहले कभी भी ईवीएम के साथ वीवीपैट का प्रयोग निगम चुनाव में नहीं हुआ है।

### मेयर पद बीसी बी महिला के लिए रिजर्व

नगर निगम चुनाव के लिए निकले ड्रा के अनुसार अंबाला को महिला बीसी-बी के लिए रिजर्व किया गया, जबकि पंचकूला और सोनीपत की सीट अनारक्षित रहेगी। तीनों नगर निगमों के मेयर और पार्षदों का कार्यकाल समाप्त हो चुका है। प्रदेश में बीसी-बी की महिला के लिए पहली बार मेयर पद आरक्षित हुआ है। पानीपत में बीसी-बी कैटेगिरी से संबंध रखने वाली कोमल सैनी मेयर हैं।

### वार्डबंदी को लेकर भी उठाए सवाल

इस बार अंबाला में नगर निगम चुनाव को लेकर वार्डबंदी में बड़ा खेल हुआ। पहले तो राज्य सरकार की ओर से वार्डबंदी के बनाई गई कमेटी में किसी विपक्षी दल के निगम सदस्य को शामिल नहीं किया गया। भाजपा नेताओं को ही कमेटी का सदस्य बनाकर अपनी मर्जी के मुताबिक वार्डबंदी कर दी गई। कई वार्डों में जहां विपक्षी दलों के निगम सदस्य या फिर उम्मीदवार मजबूत थे उन वार्डों में जमकर तोड़फोड़ की गई। इसकी वजह से कई उम्मीदवार तो मुकाबले से ही बाहर हो गए। अपने सियासत बचाने के लिए इन उम्मीदवारों को अब दूसरे वार्डों से ही चुनाव की तैयारी करनी पड़ रही है। कांग्रेस के निगम सदस्य एडवोकेट मिथुन वर्मा को सियासी तौर पर नुकसान पहुंचाने के लिए उनके वार्ड को तोड़कर एससी व बीसी बी उम्मीदवार के लिए आरक्षित कर दिया गया। ऐसे ही कई दूसरे वार्डों में भी अपने उम्मीदवारों की जीत के लिए भाजपा की ओर से वार्डबंदी की गई थी। आपत्तियां दर्ज करवाने के बावजूद किसी अधिकारी ने लोगों की बात नहीं सुनी।

### अधिकारियों ने हमारी बात नहीं सुनी

पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने हमारी बात पर सहमति जताते हुए वार्डबंदी को लेकर जारी अधिसूचना को रद्द कर दिया गया है। झूठे डाटा के आधार पर पहले तो निगम की जनसंख्या कम कर दी गई। फिर एससी मतदाताओं की संख्या कम होने का हवाला देकर रिजर्व वार्डों पर कैंची चला गई। यह पूरी तरह से गलत था। बेशक अधिकारियों ने हमारी बात नहीं सुनी लेकिन हाईकोर्ट ने हमें राहत दी है।

- एडवोकेट मिथुन वर्मा, पूर्व सदस्य, कांग्रेस

## जीवन में अपने कौशल को पहचानकर आगे बढ़ें महिलाएं




बराड़ा। महिलाओं को संबोधित करते हुए मुख्यातिथि। फोटो : हरिभूमि

- सिंबला गांव में शुरू हुआ दूसरा सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

नारी सशक्तिकरण की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए प्रयास समाज सेवा संस्थान ने गांव सिंबला में इस सत्र का दूसरा सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण केंद्र शुरू किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कुलविंदर कौर कंबोज ने शिरकत की, जबकि बलकार सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता गांव की सरपंच नेहा शर्मा ने की। प्रयास संस्था के प्रधान विशाल सिंगला के मार्गदर्शन में केंद्र का शुभारंभ केंद्र प्रभारी मोनिका कालड़ा व नीति जैन की देखरेख में विधिवत रूप से किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन भी नीति जैन ने कुशलतापूर्वक किया। इस मौके पर डॉ. कुलदीप गुप्ता, अमन गर्ग, राकेश कौशिक, महासचिव सुनील जैन, दिनेश मंगला, सरपंच प्रतिनिधि नीरज वैध, अनु कौशिक, कुसुम चौहान, प्रीति गर्ग, नीरू शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि कुलविंदर कौर कंबोज ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही हैं। ऐसे प्रशिक्षण केंद्र महिलाओं को हुनर सीखने के साथ आत्मनिर्भर बनने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने महिलाओं को अपने कौशल को पहचानकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

### आत्मनिर्भर बनें

अध्यक्षता कर रही सरपंच नेहा शर्मा ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि गांव स्तर पर ऐसे केंद्र खुलने से महिलाओं को घर के पास ही रोजगार के अवसर मिलेंगे, जिससे वे आर्थिक रूप से सशक्त बन सकेंगी। केंद्र प्रभारी मोनिका कालड़ा ने महिलाओं को संबोधित करते आत्मविश्वास बढ़ाने पर जोर दिया और कहा कि यह केंद्र महिलाओं के लिए एक नया अवसर है जहां वे हुनर सीखकर आत्मनिर्भर बन सकती हैं।

## कामयाबी के लिए प्रभावी संचार बेहद जरूरी

- एमपीएन कॉलेज में व्यक्तित्व विकास विषय पर व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

एमपीएन कॉलेज में आईआईसी के तत्वावधान में करियर अवसर एवं व्यक्तित्व विकास विषय पर एक विशेष विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बद्दी यूनिवर्सिटी के प्रबंधन विभाग के डीन डॉ. अरुण कांत पनोली ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। अपने संबोधन में डॉ. पनोली ने विद्यार्थियों को स्नातक उपरांत उपलब्ध विभिन्न करियर अवसरों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धी युग में केवल शैक्षणिक योग्यता ही पर्याप्त नहीं है बल्कि आत्मविश्वास, प्रभावी संचार कौशल और सकारात्मक दृष्टिकोण भी सफलता के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास पर ध्यान देने की प्रेरणा दी।



बराड़ा। कार्यक्रम में भाग लेते हुए प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि

### जीवन में अभ्यास का महत्व बताया

कार्यक्रम का संचालन एवं समन्वय आईआईसी के समन्वयक जयभगवान द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. शिव कुमार ने भी अपने विचार रखते हुए जीवन में निरंतर अभ्यास के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के व्याख्यान विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने के साथ-साथ उन्हें व्यावहारिक मार्गदर्शन प्रदान करते हैं।

## एनएमएमएस परीक्षा में दहिया माजरा के दो विद्यार्थियों ने किया नाम रोशन

- बच्चों की सफलता पर विद्यालय मुखिया ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा

राजकीय माध्यमिक विद्यालय दहिया माजरा के विद्यार्थियों ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय के छात्र कृष और चरणजीत ने एनएमएमएस परीक्षा (नेशनल मींस-कम-मेरिट स्कॉलरशिप परीक्षा) उत्तीर्ण कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। दोनों बच्चों की इस सफलता पर विद्यालय के मुखिया हरपाल सिंह, शिक्षक सुरेश शास्त्री एवं सुनीता दुआ ने उनको बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। स्कूल के शिक्षकों ने कहा कि यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा स्त्रोत बनेगी। गौरतलब है कि एनएमएमएस परीक्षा भारत सरकार द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के मेधावी विद्यार्थियों के लिए आयोजित की जाती है।



बराड़ा। स्कूल स्टाफ के साथ परीक्षा में उतीर्ण छात्र। फोटो : हरिभूमि

### कर्मियों के लिए प्रशिक्षण लेना अनिवार्य : विकास

**अंबाला।** जिला समन्वय अधिकारी (जनगणना) विकास बजाज ने बताया कि जनगणना कार्य में जिन कर्मचारियों को ड्यूटी से संबंधित संदेश आ रहे हैं वे अभी केवल तीन दिन की ट्रेनिंग प्राप्त करने के लिए हैं। कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण लेना अनिवार्य है क्योंकि इस राष्ट्र महत्व के काम को बेहतर समन्वय के साथ करना है ताकि समयबद्ध तरीके से जनगणना का कार्य को किया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि जिन भी कर्मचारियों की ड्यूटी प्रशिक्षण के लिए लगाई जा रही है वे प्रशिक्षण हासिल करें ताकि जनगणना कार्य से जुड़ी जानकारी उन्हें मिल सके। वे अपने कार्य को पूरी तत्परता व सजगता के साथ कर सकें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अधूरी जानकारी के आधार पर किसी भी फील्ड में नहीं भेजा जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि यदि कोई कर्मचारी किसी गंभीर बीमारी से पीडित है। वह लंबे समय से छुट्टी पर चल रहा है या कोई दिव्यांग है उसकी ड्यूटी न लगाई जाए। इस बात का भी ध्यान रखा जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि जनगणना का कार्य अति महत्वपूर्ण कार्य है। जो भी परियोजनाएं बनाई जाती है इन आंकडों को ध्यान में रखकर ही बनाई जाती हैं। इसलिए इस कार्य में किसी भी प्रकार से लापरवाही न बरतें।

## जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों का पर्याप्त मात्रा में स्टॉक उपलब्ध

- हर रोज 9 हजार सिलेंडरों की आपूर्ति : निशांत राठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक निशांत राठी ने बताया कि जिला में 24 गैस एजेंसियां कार्यरत है। इनसे औसतन 9000 घरेलू गैस सिलेंडर दैनिक आधार पर उपभोक्ताओं को डिलीवर किए जा रहे हैं। उपभोक्ता शहरी क्षेत्र में 25 दिन व ग्रामीण क्षेत्र में 45 दिन बाद गैस बुकिंग करवा सकते हैं।

जिला में घरेलू गैस सिलेण्डरों का पर्याप्त मात्रा में स्टॉक उपलब्ध है। उन्होंने यह भी बताया कि जिले में गैस सिलेंडरों की आपूर्ति पूरी तरह से सामान्य है। किसी प्रकार की कोई कमी नहीं है। उपभोक्ताओं को मांग के अनुरूप पर्याप्त मात्रा में गैस सिलेंडर उपलब्ध हैं। इसलिए आमजन को घबराने व अफवाहों पर ध्यान देने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने यह भी बताया कि टीमों ने फील्ड में कार्रवाई करते हुए 142 स्थानों पर छापामारी करते हुए 178 घरेलू सिलेंडरों को जब्त करने का काम किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि जिला स्तर पर कंट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है जिसका दूरभाष नंबर 0171-2982868 है जिस पर उपभोक्ता अपनी एलपीजी से संबंधित शिकायत दर्ज करवा सकता है।

## किसान विरोधी नीतियों का शिकार हो रहे धरतीपुत्र : निर्मल सिंह

- अनाजमंडी में बेमौसमी बरसात से किसानों को हुए नुकसान का जायजा लेंगे पूर्व सीएम आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पूर्व कैबिनेट मंत्री निर्मल सिंह ने बताया कि प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा में नेताप्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा वीरवार को अंबाला शहर अनाज मंडी का दौरा करेंगे। वे यहां गेहूं खरीद व्यवस्था, किसानों की वर्तमान स्थिति और हालिया प्राकृतिक आपदाओं बरसात व ओलावृष्टि से हुए नुकसान का मौके पर जाकर गहन आकलन करेंगे। उन्होंने कहा कि यह दौरा केवल औपचारिकता नहीं बल्कि एक जिम्मेदार विपक्ष की भूमिका का निर्वहन है, जिसके तहत खेत से मंडी तक की पूरी व्यवस्था को समझते हुए किसानों,आढ़तियों और अन्य संबंधित पक्षों से सीधा संवाद किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि वर्तमान समय में किसान जिन परेशानियों, अव्यवस्थाओं बेमौसमी मार बरसात व ओलावृष्टि और आर्थिक दबावों से जूझ रहा है, उनका वास्तविक मूल्यांकन इस दौरे के केंद्र में रहेगाद्ध। विधायक निर्मल सिंह ने कहा कि चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा मंडी में हर पहलू का सूक्ष्म निरीक्षण करेंगे। प्रभावित किसानों से मिलकर उनकी समस्याओं को समझेंगे और खरीद प्रक्रिया में आ रही दिक्कतों को गंभीरता से परखेंगे।

## अंबाला कैंट में निर्मित किए जा रहे 3 निर्माणों को तोड़ा



अंबाला। लि नगर योजनाकार के दस्ते द्वारा नियंत्रित क्षेत्र अंबाला कैंट में निर्मित किए जा रहे 3 निर्माणों को तोड़ा गया। करीब दो एकड़ में ये निर्माण हो रहे थे। गांव फुलेल माजरा व गांव मंगलेई में यह निर्माण विकसित किए जा रहे थे। इन बनते हुए निर्माणों को अर्थ-मुविंग मशीन द्वारा पूर्ण रूप से ध्वस्त कर दिया गया। मौका पर जिला नगर योजनाकार रोहित चौहान, ड्यूटी मजिस्ट्रेट, कनिष्ठ अभियंता रविंद्र भारी पुलिस बल के साथ मौके पर उपस्थित रहे। तोड़फोड़ के दौरान आमजन को अवगत करवाया कि नियंत्रित क्षेत्र में किसी भी निर्माण करने से पूर्व विभाग से अनुमति लेना अनिवार्य है। आगे भी अवैध निर्माणों के खिलाफ विभाग की कार्रवाई जारी रहेगी।

## दो दिन चला वाणिज्य महोत्सव, छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

# निबंध एवं लेख लेखन प्रतियोगिता में खुशी ने मारी बाजी

*विद्यार्थियों में ज्ञानवर्धन एवं प्रतिस्पर्धात्मक भावना का विकास करना उद्देश्य*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

राजकीय महिला महाविद्यालय में वाणिज्य महोत्सव का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. कश्मीर सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। इस महोत्सव का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता, ज्ञानवर्धन एवं प्रतिस्पर्धात्मक भावना का विकास करना था। कार्यक्रम के पहले दिन पीपीटी प्रस्तुति प्रतियोगिता तथा निबंध/लेख लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्राओं ने इन प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने विचारों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। दूसरे दिन टैगलाइन एवं क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। क्विज प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपने वाणिज्य विषयक ज्ञान का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जबकि टैगलाइन प्रतियोगिता में उनकी रचनात्मकता स्पष्ट रूप से दिखाई दी। इस महोत्सव का आयोजन वाणिज्य विभाग के सदस्यों प्रो. मोनिका, डॉ. प्रियंका, प्रो. मोनिका, प्रो. आशु, प्रो. मनीषा, प्रो. शिवानी एवं डॉ. निशा द्वारा सफलतापूर्वक किया गया। साथ ही विद्यार्थियों के सहयोग से कार्यक्रम अत्यंत सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ।



शहजादपुर। विभिन्न प्रतियोगिताओं की विजेता छात्र। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे विजेता

कुल 75 विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ अपनी-अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। यूजी पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता में वंशिका सैनी जसप्रीत कौर एवं सायना ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। पीजी पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता में कनिका विजेता बनी जबकि भावना एवं रिंकल ने द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। निबंध एवं लेख लेखन प्रतियोगिता में खुशी अव्वल रही। कंचन कुमारी एवं तनु ने द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। टैगलाइन लेखन प्रतियोगिता में मनप्रीत, रितिका एवं कंचन ने पहले तीन स्थानों पर कब्जा जमाया। इस अवसर पर डॉ. राज कुमारी, सोनिया, डॉ. यशपाल, डॉ. प्राची, डॉ. ईना, डॉ. रजनी मोहिल एवं सुमन ने निर्णायक की भूमिका निभाई।